रजिस्ट्री सं. डी. एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक

WEEKLY

सं. 45] नई दिल्ली, नवम्बर 27—दिसम्बर 3, 2016, शनिवार/ अग्रहायण 6—अग्रहायण 12, 1938

No. 45] NEW DELHI, NOVEMBER 27—DECEMBER 3, 2016, SATURDAY/ AGRAHAYANA 6—AGRAHAYANA 12, 1938

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

## गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 2016

**सा.का.नि.215.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय, सहायक निदेशक (विदेशी अभिदाय विनियमन अधिनियम) भर्ती नियम, 1985 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:-

(i) इन नियमों का नाम गृह मंत्रालय, सहायक निदेशक (विदेशी अभिदाय विनियमन अधिनियम) भर्ती (संशोधन) नियम, 2016 है।

(ii) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. गृह मंत्रालय, सहायक निदेशक (विदेशी अभिदाय विनियमन अधिनियम) भर्ती नियम, 1985 में अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात्:-

## अनुसूची

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मेट्रिक्स में लेवल | क्या चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा | सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| सहायक निदेशक (विदेशी अभिदाय विनियमन अधिनियम) | 06* (2010) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मेट्रिक्स में लेवल-10 | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) | (11) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रतिनियुक्ति द्वारा |

| प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (12) | (13) | (14) |
| **प्रतिनियुक्ति द्वारा:-**<br>केंद्र/राज्य सरकार के अधीन ऐसे अधिकारी:<br>(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या<br>(ii) जिन्होंने वेतन मेट्रिक्स में लेवल 7 में अथवा समतुल्य पदों पर तीन वर्ष नियमित सेवा की है; और<br>(ख) जिनके पास आर्थिक अपराधों/कंपनी लेखाओं/वाणिज्यिक लेखापरीक्षा के अन्वेषण/राज वित्तीय अधिनियमों से संबंधित कार्य का तीन वर्ष का अनुभव है।<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत उसी या किसी अन्य विभाग/संगठन में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी)। | लागू नहीं होता | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

[फा. सं. ए-12018/02/2016-प्रशा. V]

डी. एस. परिहार, अवर सचिव

## MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 29th November, 2016

**G.S.R. 215.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Ministry of Home Affairs, Assistant Director (FCRA) Recruitment Rules, 1985, namely:-

(i) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Assistant Director (FCRA), Recruitment (Amendments) Rules, 2016.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Ministry of Home Affairs, Assistant Director (FCRA), Recruitment Rules, 1985, for the Schedule, the following Schedule shall be substituted, namely:-

**SCHEDULE**

| Name of the Post | Number of Posts | Classification | LEVEL in the Pay MATRIX | Whether Selection post or Non-Selection post | Age limit for direct recruits | Whether benefits of added years of service admissible under Rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| Assistant Director (Foreign Contribution Regulatory Authority) | 06*(2010) *subject to variation dependent on workload | General Central Service, Group 'A' Gazetted, Non-Ministerial | Level-10 in the Pay Matrix | Not applicable | Not applicable | Not applicable |

| Educational and other Qualifications required for direct recruits | Whether age and educational Qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | **Method of recruitment**: Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the Posts to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion/deputation/ absorption, grades from which Promotion/ Deputation/Absorption to be made |
|---|---|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | By Deputation | **Deputation:-**<br>Officers under Central/State Government :<br>(a) (i) Holding analogous posts on regular basis; or<br>(ii) With three years regular service in posts in Level-7 in the Pay Matrix or equivalent; and<br>(b) possessing three years experience in investigation of economic offences/ company accounts/ commercial audit/ dealing with fiscal Acts.<br>(The period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | immediately preceding this appointment in the same or some other department/organization shall ordinarily not exceed 3 years. The maximum age limit for appointment by deputation/transfer shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications.) |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is the composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|
| (13) | (14) |
| Not applicable | Consultation with the Union Public Service Commission is necessary. |

[F.No. A-12018/02/2016-Ad.V]

D. S. PARIHAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 2016

**सा.का.नि.216.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय, पुस्तकालय सूचना सहायक (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 1993 और गृह मंत्रालय, पुस्तकालय सूचना सहायक (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2014 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया किया गया है, गृह मंत्रालय में पुस्तकालय और सूचना सहायक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ** – (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, पुस्तकालय और सूचना सहायक भर्ती (संशोधन) नियम, 2016 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में लेवल-** पद की संख्या, उनका वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में या उससे संलग्न वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट है।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि-** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उपर्युक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट है।

4. **निरर्हता**- वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुमेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति-** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति**- इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| पुस्तकालय और सूचना सहायक | 03* (2014)<br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' , अराजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में लेवल-5 | लागू नहीं | 30 वर्ष से अधिक नहीं।<br>(केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार केन्द्रीय के कर्मचारियों के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।)<br>**टिप्पण:-** आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख, भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पिति जिले तथा चम्बा जिला के पांगी उप–खंड , अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह अथवा लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है) |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो। | **भर्ती की पद्धति:** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| **7** | 8 | 9 | 10 |
| **आवश्यक:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्था से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में बैचलर डिग्री;<br>(ii) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार या स्वायत्त या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षिक संस्था के अधीन पुस्तकालय में दो वर्ष का अनुभव।<br>**वांछनीय:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान के कंप्यूटर उपयोजन में डिप्लोमा।<br><br>**टिप्पण :1** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाए | आयु: नहीं<br>शैक्षिक अर्हता: जी हां | सीधे भर्ती किए जाने वाले और प्रोन्नति किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष। | 33.33%<br>प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) आमेलन द्वारा और 66.67% सीधी भर्ती द्वारा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं।<br>**टिप्पण :2** अनुभव संबंधी अर्हता उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाए कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। | | | |

| प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां, जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा। | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 |
| संयुक्त पद्धति [प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पावधि संविदा भी है)/आमेलन]:<br>केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या विश्वविद्यालयों या अर्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के ऐसे अधिकारी:-<br>(क) (i) जो में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के लेवल में या समतुल्य पदों में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में 6 वर्ष सेवा की हो: तथा<br>(ख) जिनके पास स्तम्भ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है।<br>**टिप्पण 1:** वेतन मैट्रिक्स में लेवल-2 में ऐसे विभागीय पुस्तकालय लिपिक जिन्होंने उस श्रेणी में 10 वर्ष नियमित सेवा की हो और जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में बैचलर डिग्री हो, पर बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और यदि ऐसे व्यक्ति का चयन किया जाता है, तो पद को प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा, अन्यथा, इसे प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)/आमेलन द्वारा भरा गया समझा जाएगा।<br>**टिप्पण 2:** केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार के पदधारियों पर केवल आमेलन के लिए विचार किया जाएगा।<br>**टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति की अवधि (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)/आमेलन द्वारा | **समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति:-**<br>1. निदेशक/उप सचिव (प्रशासन) गृह मंत्रालय - अध्यक्ष<br>2. निदेशक या उप सचिव (पुस्तकालय का भार साधक) गृह मंत्रालय - सदस्य<br>3. निदेशक या उप सचिव, गृह मंत्रालय - सदस्य | संयुक्त प्रणाली अर्थात, प्रोन्नति + प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)/आमेलन पर किसी अधिकारी को नियुक्त करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है। |

| | | |
|---|---|---|
| नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख से 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br><br>**टिप्पण 5 :** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा 01.01.2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का पे मैट्रिक्स के साधारण लेवल में एक श्रेणी में विलय हो गया है, और वहां यह लाभ केवल उस पद पर विस्तारित होगा जिसके लिये वेतन मैट्रिक्स में साधारण लेवल बिना किसी उन्नयन के साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है। उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी पे मैट्रिक्स में लेवल पर की गई सेवा समझी जाएगी। | | |

[फा. सं. ए-12018/02/2016-प्रशा. V]

डी. एस. परिहार, अवर सचिव

New Delhi, the 29th November, 2016

**G.S.R.216.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Ministry of Home Affairs , Library and Information Assistant, (Group 'C' Posts) Recruitment Rules, 1993 and the Ministry of Home Affairs, Library and Information Assistant, (Group-'C' Posts) Recruitment Rules, 2014 except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Library and Information Assistant in the Ministry of Home Affairs, namely:-

**1. Short title and commencement. —** (1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Library Information Assistant, Recruitment (Amendments) Rules, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification, Level in the PAY MATRIX**— The number of post, its classification, Level in the PAY MATRIX attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age limit, qualification, etc**.—The method of recruitment, age limit, qualification and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the above said Schedule.

**4. Disqualification**. —No person, —

(a) who, has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living: or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.** —Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, be order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving. —** Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concession required to be provided for the Scheduled Casts, the Scheduled Tribe, Ex-Servicemen and other special categories of person, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of the post | Number of posts | Classification | Level in the Pay Matrix | Whether selection or non-selection post | Age limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Library and Information Assistant | 03* *(2014) subject to variation dependent on workload | General Central Service, Group 'C' Non-Gazetted, Non-Ministerial | Level-5 in the Pay Matrix | Not applicable | Not exceeding 30 years.<br>(Relaxable for Govt. servants up to 5 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government from time to time.)<br><br>**Note:** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Union Territories of Andaman and Nicobar Island or Lakshdweep). |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | **Method of recruitment:** Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion/deputation/absorption, grades from which promotion deputation/ absorption to be made |
|---|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| **Essential:**<br>1.Bachelor's Degree in Library Science or Library and Information Science from a recognized University or Institution; and<br>2. two years experience in a Library under the Central Government or a State Government or autonomous or statutory organization or public sector undertaking or Universities or recognized research or educational institution.<br>**Desirable:**<br><br>Diploma in Computer Application from a recognized University or Institute. | Age: No<br>Educational Qualification: Yes | 2 years for direct recruits and promotees | 33.33% by promotion/deputation (including short term contract)/absorption and 66.67% by direct recruitment | **Composite Method [Promotion plus deputation (including short term contract)/absorption)]:-**<br><br>Officers under the Central Government or a State Government or a Union Territory or public sector undertaking or recognized research institutions or Universities or Semi Government or statutory or autonomous organizations:<br>(a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; or<br>(ii) with six year service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in posts in Level in the Pay MATRIX or equivalent in the parent cadre or department; and<br>(b) possessing the educational qualifications and experience prescribed for direct recruits under column (7).<br>**Note 1:** Department Library Clerk in |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Note:1** The qualification are relaxable at the discretions of the Staff Selection Commission Competent Authority, for reasons to be recorded in writing in case of candidates otherwise well qualified.<br><br>**Note:2** The Qualifications regarding experience is relaxable at the discretion of the Staff Selection Commission or Competent Authority or reasons to be recorded in writing in case of candidates belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, if at any stage of selection. Staff Selection Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill the posts reserved for them. | | | | the Level-2 in the Pay MATRIX with ten years regular service in the grade and possessing Bachelor's Degree in Library Science or Library & Information Science from a recognized University or institute shall also be considered along with outsiders and in case such person is selected, the post shall be treated as having been filled by promotion, otherwise, it shall be treated as having been filled by deputation (including short term contract)/absorption.<br><br>**Note 2:** The officials from Central Government and State Government shall only be considered for absorption.<br><br>**Note 3:** The period of deputation (including short term contract) including the period of deputation (including short term contract) in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organization or department of the Central Government shall ordinarily not to exceed three years.<br><br>**Note 4:** The maximum age limit for appointment by deputation (including short term contract)/absorption shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications.<br><br>**Note 5:** For the purpose of appointment on deputation basis, the service rendered on a regular basis by an officer prior to 1st January, 2016 or the date from which the revised pay structure based on Seventh Central Pay Commission recommendation has been extended, shall be deemed to be service rendered in the corresponding LEVEL in the Pay MATRIX extended based on the recommendation of the Pay Commission except where there has been merger of more than one pre-revised scale of pay into one grade with a common LEVEL in the Pay MATRIX and where this benefit will extend only for the post (s) for which that LEVEL in the Pay MATRIX is the normal replacement grade without any upgradation. |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be Consulted in making recruitment |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Group 'B' Departmental Promotion Committee:**<br>1. Director /Deputy Secretary, (Administration), MHA : Chairman<br>2 Director or DS (in-charge of Library), MHA : Member<br>3. Director or Deputy Secretary, MHA : Member | Consultation with Union Public Service Commission is necessary While appointing an officer on Composite method i.e. promotion Plus deputation (including short term contract)/absorption. |

[F.No. A-12018/02/2016-Ad.V]

D. S. PARIHAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 2016

**सा.का.नि.217.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और गृह मंत्रालय, (पुस्तकालय और सूचना अधिकारी) भर्ती नियम, 1997, तथा गृह मंत्रालय (पुस्तकालय और सूचना अधिकारी) 2012 का अधिक्रांत करते हुए, गृह मंत्रालय में पुस्तकालय और सूचना अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ --**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय (पुस्तकालय और सूचना अधिकारी) भर्ती (संशोधन) नियम, 2016 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में लेवल-** पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में लेवल वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि-** उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उपर्युक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट है।

4. **निरर्हता-** वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुमेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति-** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति-** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

## अनुसूची

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पुस्तकालय और सूचना अधिकारी | 01* (2012)<br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' , राजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में लेवल-11 | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | **भर्ती की पद्धति**: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रोन्नत व्यक्तियों के लिए दो वर्ष | संयुक्त पद्धति द्वारा प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) |

| प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां, जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा। | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना क्या है | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 |
| प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पावधि संविदा भी है):<br>केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र या स्वायत्त संगठनों जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय भी हैं, के अधीन ऐसे अधिकारी:-<br>(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या<br>(ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 में या समतुल्य पदों पर पांच वर्ष नियमित सेवा की हो: या<br>(iii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के लेवल-8 में या समतुल्य पदों पर छह वर्ष नियमित सेवा की हो: या<br>(iv) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7 में या समतुल्य पदों पर सात वर्ष नियमित सेवा की हो: और<br>(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है।<br>**अनिवार्य:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में मास्टर डिग्री या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से समतुल्य डिप्लोमा;<br>(ii) किसी स्थायी पुस्तकालय में पर्यवेक्षी हैसियत से पांच वर्ष का वृत्तिक अनुभव। | **पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति:-**<br>1. निदेशक या उप सचिव (प्रशासन) गृह मंत्रालय - अध्यक्ष<br>2. निदेशक या उप सचिव (समन्वय) गृह मंत्रालय(पुस्तकालय प्रभारी) - सदस्य<br>3. निदेशक या उप सचिव, गृह मंत्रालय- सदस्य | प्रत्येक अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

| | | |
|---|---|---|
| **टिप्पण :1** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाए कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं।<br>**टिप्पण :2** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।<br><br>**वांछनीय:**<br>(i) पुस्तकालय में क्रियाकलापों को कंप्यूटरीकृत करने का अनुभव।<br>(ii) मंत्रालय द्वारा संचालित विशिष्ट विषयों, जिनको प्रत्येक भर्ती के समय विनिर्दिष्ट किया जाएगा, में वृत्तिक अनुभव।<br>**टिप्पण :** बाह्य व्यक्तियों के साथ ऐसी विभागीय सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी के संबंध में भी विचार किया जाएगा जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में लेवल-7 में सात वर्ष नियमित सेवा की है; और यदि उस पद पर उसका चयन हो जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा।<br>[प्रतिनियुक्ति की अवधि (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख से 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। | | |

[फा. सं. ए-12018/02/2016-प्रशा. V]

डी. एस. परिहार, अवर सचिव

New Delhi, the 29th November, 2016

**G.S.R.217.—** In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Ministry of Home Affairs (Library and Information Officer) Recruitment Rules, 1997 and the Ministry of Home Affairs (Library and Information Officer) Recruitment Rules, 2012 the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Library and Information Officer in the Ministry of Home Affairs, namely:-

1. **Short title and commencement. —** (1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs (Library and Information Officer), Recruitment (Amendments) Rules, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification, Level in the PAY MATRIX—** The number of post, their classification and Level in the Pay Matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age limit, qualification, etc**.—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns (5) to (13) of the Schedule aforesaid.

**4. Disqualification**. —No person, —

(a) who, has entered into or contracted a marriage with a person, having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.** —Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving. —** Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the candidate belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the Pay Matrix | Whether Selection post or Non-selection post | Age limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Library and Information Officer | 01*(2012) *subject to variation dependent on workload | General Central Service, Group 'A', Gazetted, Non-Ministerial | Level-11 in the Pay Matrix | Not applicable | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | **Method of recruitment:** Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion or deputation/transfer to be made |
|---|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10 | (11) |
| Not applicable | Not applicable | Two years for promotees | By composite method Promotion /Deputation (including short term contract) | **Deputation (including short term contract)**:-<br>Officers under Central or State Governments or Union Territories or Autonomous organizations including Universities :<br>(a) (i) Holding analogous post(s) on regular basis; or<br>(ii) With five years' regular service in Level-10 in the Pay Matrix or equivalent; or<br>(iii) With six years' regular service in Level-8 in the Pay Matrix or equivalent; or<br>(iv) With seven years regular service in Level-7 in the Pay Matrix or equivalent; and<br>(b) Possessing the following educational qualifications and experience- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **Essential :**<br>(i) Master's Degree of a recognized University or equivalent Diploma in Library science from a recognized University.<br>(ii) Five years professional experience in a supervisory capacity in a Library of Standing.<br>**Note 1 :-** Qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission for reasons to be recorded in writing, in the case of candidates otherwise well qualified.<br>**Note 2 :-** The qualification (s) regarding experience is/are relaxable at the discretion Union Public Service Commission for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes if, at any stage of selection the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.<br>**Desirable:**<br>(i) Experience of computerizing library activities<br>(ii) Professional experience in the specific subjects handled by Ministry to be specified at the time of each recruitment.<br>**Note:-** Departmental Assistant Library & Information Officer with seven years regular service in Level-7 in the Pay Matrix will also be considered along with outsiders and in case, he/she is selected, the post will be deemed to have been filled up by promotion.<br>[Period of deputation (including short term contract) including period of deputation (including short term contract) in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organization or department of the Central Government shall ordinarily not exceed 3 years. The maximum age limit for appointment by deputation (including short term contract) shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications.] |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be Consulted in making recruitment |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Group 'A' Departmental Promotion Committee for considering confirmation:-**<br>1. Director/ Deputy Secretary (Administration), Ministry of Home Affairs : Chairman<br>2. Director or Deputy Secretary (Coordination), Ministry of Home Affairs [in-charge of Library] : Member<br>3. Director or Deputy Secretary, Ministry of Home Affairs : Member | Consultation with the Union Public Service Commission is necessary on each occasion. |

[F.No. A-12018/02/2016-Ad.V]

D. S. PARIHAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 2016

**सा.का.नि.218 .—** राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और गृह मंत्रालय, रोकड़िया भर्ती नियम, 1999 और गृह मंत्रालय (रोकड़िया) भर्ती (संशोधन) नियम, 2010 तथा गृह मंत्रालय (रोकड़िया) भर्ती (संशोधन) नियमावली, 2013 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है गृह मंत्रालय में रोकड़िया पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ –**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय (रोकड़िया) भर्ती (संशोधन) नियम, 2016 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में लेवल-** उक्त पद संख्या, उसका वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में लेवल वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा और अर्हताएं आदि-** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट है।

4. **निरर्हता-** वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुमेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति-** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बावत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति-** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| रोकड़िया | 01* (2013)<br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6 | लागू नहीं होता। | 30 वर्ष से अधिक नहीं।<br>(केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।)<br>**टिप्पण:-** आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख, भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पिति जिले तथा चम्बा जिला के पांगी उप –खंड , अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह अथवा लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है) |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो। | भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| **7** | 8 | 9 | 10 |
| **<u>आवश्यक:</u>**<br>(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री, और<br>(ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या स्वायत्त या संघ राज्य क्षेत्रों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों या लोक उपक्रमों या अर्द्ध-सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधीन रोकड़ और लेखा कार्य हैंडलिंग का तीन वर्ष का अनुभव:<br>**<u>टिप्पण :1</u>** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं।<br>**<u>टिप्पण :2</u>** अनुभव संबंधी अर्हताएं, उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग या सक्षम प्राधिकारी की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। | लागू नहीं होता | सीधी भर्ती हुए व्यक्ति के लिए दो वर्ष। | प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)/आमेलन द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा |

| प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां, जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा। | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना क्या है | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 |
| प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पावधि संविदा भी है)/आमेलन:<br>केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों या लोक उपक्रमों या अर्द्ध-सरकारी | समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए:-<br>1. निदेशक या उप सचिव (प्रशासन) गृह मंत्रालय - अध्यक्ष<br>2. निदेशक या उप सचिव, गृह मंत्रालय - सदस्य | प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पावधि संविदा भी है) या आमेलन पर नियुक्ति के समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

| | | |
|---|---|---|
